हिरोशिमा और नागासाकी

अगस्त 1945 में जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापानी शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर दो अपेक्षाकृत छोटे परमाणु बम गिराए, तो ढाई लाख से अधिक लोग मारे गए थे – यह किसी युद्ध में परमाणु हथियारों का पहला और एकमात्र उपयोग था।

कई लोग तुरंत भस्म हो गए थे। अन्य हमलों के घंटों, दिनों या हफ्तों बाद गंभीर रूप से जलने, विस्फोट की चोटों और तीव्र विकिरण बीमारी से तड़प-तड़प कर मर गए। विकिरण से संबंधित कैंसर और अन्य बीमारियों से वर्षों बाद अनगिनत अन्य लोगों की मृत्यु हो गई।

ऐसे अत्याचारों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए, राष्ट्रों को परमाणु हथियारों को समाप्त करने के लिए तत्परता से कार्य करना चाहिए।

हिरोशिमा और नागासाकी में विनाश के दृश्य प्रलयंकारी थे: स्कूल के मैदान मृत और मरते हुए बच्चों से बिखरे पड़े थे। माताएँ अपने निर्जीव शिशुओं को गोद में लिए हुए थीं। लोगों की आंतें बाहर लटक रही थीं और उनके अंगों से त्वचा की पट्टियाँ लटक रही थीं।

अधिकांश पीड़ित लोग अपनी पीड़ा को कम करने के लिए बिना किसी देखभाल के ही मर गए, क्योंकि कुछ ही अस्पताल बचे थे, चिकित्सा आपूर्ति नष्ट हो चुकी थी, और अधिकांश डॉक्टर और नर्स मारे गए या घायल हो गए थे। बाद में सहायता प्रदान करने के लिए शहरों में प्रवेश करने वालों ने अवशिष्ट विकिरण के कारण अपनी जान जोखिम में डाल दी थी।

विस्फोट स्थल केंद्र (ग्राउंड ज़ीरो)

प्रत्येक शहर में, जो लोग ग्राउंड ज़ीरो – जो कि विस्फोट का अवकेंद्र (हाइपोसेंटर) होता है – के सबसे करीब थे, उनके बचने की संभावना बहुत कम थी। ग्राउंड ज़ीरो से 1.2 किलोमीटर के त्रिज्या में और बम के प्रभावों से असुरक्षित लगभग हर व्यक्ति तुरंत या कुछ हफ्तों के भीतर मर गया था।

अवकेंद्र पर जमीन का तापमान 3,000 से 4,000 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे 3.5 किलोमीटर दूर तक के लोग झुलस गए थे। शक्तिशाली प्रघाती तरंगों ने २ किलोमीटर के भीतर अधिकांश लकड़ी की संरचनाओं को नष्ट कर दिया था।

1 किलोमीटर की दूरी पर भी, लोगों को आयनकारी विकिरण की इतनी अधिक मात्रा मिली कि तीव्र विकिरण विषाक्तता से उनकी मृत्यु हो गई। बहुत दूर रहने वाले कई लोग भी विकिरण के संपर्क में आने के विलंबित प्रभावों से मर गए।

अधिकतर पीड़ित – 90 प्रतिशत से अधिक – सामान्य नागरिक थे, जिनमें लगभग 38,000 बच्चे भी थे। हिरोशिमा पर हमले के समय, लगभग 8,400 जूनियर हाई स्कूल के छात्र नागरिक सुरक्षा उपाय के रूप में आग रोकने के लिए बाहर थे; उनमें से 6,300 की मौत हो गई थी।

विस्फोट के बाद

बमबारी के बाद की अव्यवस्थित हालत में, माता-पिता बेताबी से अपने बच्चों की तलाश कर रहे थे, और बच्चे ने अपने माता पिता की। कुछ लोगों को अपने प्रियजनों के केवल जले हुए अवशेष या उनके सामान ही मिले; बाक़ी लोगों को कोई सुराग नहीं मिला था।

परिवार के सदस्यों को फिर से मिलाने के प्रयास इस वजह से और भी कठिन हो गए थे कि कई लोगों को इतनी गंभीर चोटें आई थीं कि उन्हें पहचानना मुश्किल था।

कुछ पीड़ितों के शरीर पर कोई शारीरिक घावों के निशान नहीं थे, लेकिन वे अचानक बीमार पड़ गए और मर गए। उनकी मौतों ने प्राथमिक उपचार देने वालों को रहस्य में डाल दिया, जो इस बात से अनजान थे कि विनाशकारी, रेडियोधर्मी प्रभाव वाले एक नए प्रकार के हथियार का इस्तेमाल किया गया था।

शहरों में कई गर्भवती महिलाओं का गर्भपात हो गया या उन्होंने ऐसे शिशुओं को जन्म दिया जिनकी शिशु अवस्था में ही मृत्यु हो गई, क्योंकि बमों से निकलने वाला विकिरण उनके गर्भाशय में प्रवेश कर गया था। गर्भ में विकिरण के संपर्क में आने वाले बच्चों में माइक्रोसेफली सहित जन्मजात विकृतियाँ आम थीं।

हमले के एक महीने बाद नागासाकी। साभार: अमेरिकी सरकार

तबाही के बाद नागासाकी में राशन का भोजन प्राप्त करता एक लड़का। साभार: योसुके यामाहाता



शिनिची की तिपहिया साइकिल

हिरोशिमा पर हमले के समय, तीन वर्षीय शिनिची तेत्सुतानी अपने घर के बाहर वह कर रहा था जो उसे सबसे ज्यादा पसंद था – अपनी तिपहिया साइकिल की सवारी करना।

उसे गंभीर चोटें आईं, उसका पूरा शरीर जल चुका था, और कुछ घंटों के बाद उसकी मृत्यु हो गई। उसकी दो बहनें, मिचिको और योको भी मारी गईं थीं।

उनके पिता ने वर्षों बाद कहा: "बच्चों के साथ ऐसा कभी नहीं होना चाहिए। कृपया एक ऐसी शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के लिए काम करें जहाँ बच्चे जी भर के खेल सकें।"

शिनिची की जली हुई तिपहिया साइकिल अब हिरोशिमा शांति स्मारक संग्रहालय में स्थायी प्रदर्शन पर है, और जिनेवा में अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट संग्रहालय में इस पर आधारित एक मूर्ति पाई जा सकती है।

यह साइकिल परमाणु हमलों में बच्चों की पीड़ा का एक मार्मिक प्रतीक बन गई है।

साभार: हिरोशिमा शांति स्मारक संग्रहालय, नोबुओ तेत्सुतानी द्वारा दान किया गया

हिरोशिमा की बहनें

दो वर्षीय किमिनो वाटाओका और उसकी पांच वर्षीय बहन, हिरोनो, हिरोशिमा पर हमले के समय अपने माता-पिता के साथ घर पर थीं। वे चारों मारे गए थे।

एक अन्य बहन, कायोको, ग्राउंड ज़ीरो के करीब थी और वह भी मारी गई थी। केवल सबसे बड़ी बहन, चिज़ुको ही जीवित बची।

माना जाता है कि किमिनो (बाएं) और हिरोनो (दाएं) की यह तस्वीर परमाणु बमबारी से ठीक एक दिन पहले ली गई थी। साभार: मिहो इवाता

बम से विकिरणित

जब हिरोशिमा नष्ट हुआ तब टोरू इकेमोतो सात वर्ष का था और उसकी बहन, आइको, नौ वर्ष की थी। वे दोनों घर के अंदर थे, हाइपोसेंटर से लगभग 1 किलोमीटर दूर।

हमले के चार या पांच दिनों में, उनके बाल झड़ने लगे और उन्हें बुखार और मसूड़ों से खून आने लगा – ये तीव्र विकिरण से विषाक्तता के लक्षण थे।

जबकि दोनों बीमारी के तीव्र चरण से उबर गए थे, अंततः वे विकिरण के विलंबित प्रभावों के शिकार हो गए। टोरू की 11 वर्ष की आयु में और आइको की 29 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई।

अक्टूबर 1945 में हिरोशिमा रेड क्रॉस अस्पताल में भाई-बहन टोरू (बाएं) और आइको (दाएं)। साभार: शुनकिची किकुची

जीवित बचे लोग

जो लोग संयोग से हिरोशिमा और नागासाकी के परमाणु बम विस्फोटों में जीवित बच गए थे, उन्हें जापानी भाषा में हिबाकुशा, या "विस्फोट से प्रभावित लोग" के रूप में जाना जाने लगा।

कई लोगों ने मनोवैज्ञानिक आघात के साथ-साथ अपनी चोटों के कारण आजीवन दर्द और परेशानी सही। कुछ लोगों के शरीर और चेहरे पर मोटे दाग-धब्बे बन गए, या वे दशकों तक अपने मांस में गहरे धंसे कांच के टुकड़ों के साथ जीते रहे।

महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाई और लांछन का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्हें डर था कि बमों के कारण होने वाली आनुवंशिक क्षति उनके बच्चों और पोते-पोतियों में स्थानांतरित हो जाएगी।

हमलों के कुछ वर्षों में, विकिरण के विलंबित प्रभावों के परिणामस्वरूप जीवित बचे लोगों में असामान्य उच्च दर से कैंसर और अन्य बीमारियाँ विकसित होने लगीं। शुरुआती वर्षों में ल्यूकेमिया रोग विशेष रूप से आम था।

दुनिया को परमाणु हथियारों के खतरे के प्रति सचेत करने के लिए, कई बचे हुए लोगों ने सार्वजनिक रूप से सन् 1945 में जो हुआ उसकी अपनी गवाहियाँ सार्वजनिक रूप से साझा की हैं। हमलों के समय जो बच्चे थे उनमें से कुछ आज भी जीवित हैं और सच्चाई बताने के कार्य को जारी रखे हुए हैं।

दशकों से उनका संदेश स्पष्ट और सुसंगत रहा है: परमाणु हथियार और मानवता का सहस्तित्व संभव नहीं है।

सन् 2024 में, निहोन हिडंक्यो – जीवित बचे लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों के एक जापानी महासंघ – ने "परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया हासिल करने के अपने प्रयासों और गवाहों की गवाही के माध्यम से यह प्रदर्शित करने के लिए कि परमाणु हथियारों का फिर से कभी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए" नोबेल शांति पुरस्कार जीता।

जीवित बचे लोगों की साहसी, निरंतर वकालत ने दुनिया भर में कई लोगों को परमाणु उन्मूलन के आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है।

एक उत्तरजीवी और पक्षधर

एक 16 वर्षीय लड़का, सुमितेरू तानिगुची जो नागासाकी के परमाणु बम विस्फोट में बच गया था, उसने बताया "विस्फोट की चमक में, मुझे पीछे से मेरी साइकिल से उड़ा दिया गया और ज़मीन पर पटक दिया गया," ।

जब उसने अपना सिर उठाया, तो उसने देखा कि जो बच्चे कुछ ही क्षण पहले उसके चारों ओर खेल रहे थे, वे अब मर चुके थे।

हाइपोसेंटर से लगभग 2 किलोमीटर दूर होने के बावजूद, उसकी पीठ, बायां हाथ और बायां पैर गंभीर रूप से जल गए थे। उसके घाव जल्द ही संक्रमित हो गए, और उसने अस्पताल में ठीक होने में लगभग चार साल बिताए, जिसमें 21 महीने उसे पेट के बल लेटना पड़ा।

उसकी चोटों का दर्द कभी दूर नहीं हुआ। उसने अपना अधिकांश जीवन परमाणु हथियारों के उन्मूलन के उद्देश्य को समर्पित कर दिया।

सुमितेरू तानिगुची 1946 में ली गई अपनी एक तस्वीर देखते हुए, उनकी पीठ पर नागासाकी बम के निशान हैं। साभार: युरिको नाकाओ





“कुछ देर बाद, मैंने हवाई हमले से बचने वाले आश्रय (एयर रेड शेल्टर) से बाहर झाँका। मैंने खेल के मैदान में लोगों को इधर-उधर बिखरा हुआ पाया। ज़मीन लगभग पूरी तरह से शवों से ढकी हुई थी। उनमें से अधिकांश मृत लग रहे थे और शांत पड़े थे। हालाँकि, यहाँ-वहाँ कुछ अपनी टांगें पटक रहे थे या अपनी बाहें उठा रहे थे।”

– फ़ुजियो त्सुजीमोटो, पाँच वर्षीय, नागासाकी

हिरोशिमा शांति स्मारक संग्रहालय में एक चित्र।